## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 06.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की युवा शक्ति की वैश्विक उपलब्धियों का किया जिक्र, युवाओं को गतिशीलता, नवाचार और दृढ इच्छाशक्ति का बताया प्रतीक।
- आरबीआई ने रेपो दर में की 50 आधार अंको की कटौती, सीआरआर में भी सौ आधार अंकों की कटौती का किया फैसला।
- केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने झारखंड के मेडिको सिटी की मांग को किया मंजूर, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा– करीब चार हजार करोड़ रुपये किये गये स्वीकृत।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की रखेंगे आधारशिला, 80 करोड़ रुपये की लागत से होगा इसका निर्माण।
- हजारीबाग में पुलिस ने मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, 40 किलोग्राम अफीम बरामद, छह तस्करों को किया गिरफ्तार।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जम्मू में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्‌घाटन किया। इसके बाद श्री मोदी कटरा रेलवे स्टेशन पहुंचे और कश्मीर को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाली कटरा–श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं की वैश्विक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आज कहा कि देश के युवाओं ने विश्व में अपनी छाप छोड़ी है। केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के 11वर्ष पूरे करने के अवसर पर श्री मोदी ने युवाओं को गतिशीलता, नवाचार और दृढ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश का विकास युवाओं के दृढ विश्वास और असाधारण ऊर्जा शक्ति से प्रेरित है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश स्टार्टअप्स, विज्ञान, खेल, सामुदायिक सेवा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं का साक्षी बना है।

*******************

आरबीआई ने आज पिछली छह प्रतिशत रेपो दर को 50 आधार अंको में कटौती कर के साढे पांच प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। आरबीआई रेपो दर में लगातार तीसरी बार कटौती करने जा रहा है। नकद आरक्षित अनुपात– सीआरआर में भी सौ आधार अंको की कटौती की गई है। वहीं सीमांत स्थायी सुविधा– एमएसएफ और बैंक दर को पांच दशमलव सात–पांच पर समायोजित किया गया है।

*******************

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने झारखंड की मेडिको सिटी की मांग को स्वीकार कर लिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कल दिल्ली में उनसे मुलाकात कर मेडिको सिटी की मांग को प्राथमिकता के साथ उठाया था। डा. अंसारी ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने मेडिको सिटी के लिए करीब चार हजार करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के छह जिलों में पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज खोलने का भी एनओसी दे दिया गया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची के होटवार में मेधा मिल्क पाउडर प्लांट का शिलान्यास और भूमि पूजन करेंगे। राज्य सरकार का यह पहला मिल्क पाउडर प्लांट है। लगभग 80 करोड़ की लागत से इसका निर्माण होगा। शिलान्यास कार्यक्रम में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समेत राज्य के कई वरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सिरमटोली फ्लाईओवर के लोकार्पण को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने आज सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुपचुप तरीके से सिरमटोली फ्लाईओवर का लोकार्पण किया, जिससे आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

*******************

इधर, आदिवासी समाज के लोगों ने बिना रैंप का समाधान निकाले फ्लाइओवर का उदघाटन करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति नाराजगी जाहिर की है। आदिवासी नेता गीता श्री उरांव ने कहा है कि सरकार ने आदिवासी समाज की भावनाओं को नजरअंदाज किया है।

*******************

इस बीच झामुमो ने कहा है कि सिरमटोली फ्लाइओवर रांचीवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग थी। पार्टी प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि इससे रांची को जाम से मुक्ति मिलेगी।

*******************

हजारीबाग शहरी क्षेत्र में कई स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने 40 किलोग्राम अफीम बरामद की है। इस सिलसिले में छह तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 66 हजार रुपए नकद समेत कई अन्य समान बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार अंजन ने बताया कि पुलिस मादक पदार्थो के खिलाफ जीरो टॉरलेंस नीति पर काम कर रही है।

*******************

राज्य के सात विश्वविद्यालयों को नये कुलसचिव मिल गये हैं। लोक सेवा आयोग ने इसका परिणाम जारी कर दिया है। बसंत कुमार झा को रांची विश्वविद्यालय जबकि बिमल कुमार मिश्रा को विनोबा भावे विश्वविद्यालय का कुलसचिव बनाया गया है। राधानाथ त्रिपाठी को विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, कुमारी अंजना को जमशेदपुर वीमेंस विश्वविद्यालय, नफिस अहमद को नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय, विक्रम शर्मा को कोल्हान विश्वविद्यालय और राजीव रंजन शर्मा को सिदो–कान्हू विश्वविद्यालय में नियुक्त किया गया है।

*******************

पाकुड जिले में जिला प्रशासन द्वारा शुरू किये गए प्रकृति हूल महोत्सव पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

*******************

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की बड़ी कटौती और सीआरआर में सौ आधार अंकों की कटौती की घोषणा के तुरंत बाद आज भारतीय शेयर बाजार में उछाल आया। अंतिम रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स सात सौ अंक की बढ़त के साथ 82 हजार एक सौ 44 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 228 अंक बढ़कर 24 हजार नौ सौ 80 पर था।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नब्बे हजार छह सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख आठ हजार रुपये प्रति किलो है।

************